Title: Need to set up a commission to inquire into the cases of poaching and to make the projects for wild animals preservation more effective.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान का अरबों रुपया विलुप्त-प्राय जैन्तुओं और दुर्लभ जानवरों की रक्षा पर खर्च किया जाता है लेकिन इसके परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। पिद्वले दिनों समाचार पत्रों में आया था कि उत्तराखंड के कार्बेट नेशनल पार्क में हाथियों का अवैध शिकार किया गया। आज के समाचार पत्रो में आया है कि उत्तर प्रदेश के नेशनल पार्क में कम से कम सैंत शेर मार ौंदए गए। वे लोग पकड़े गए हैं। हमारी व्यवस्था में खामियां हैं। मेरा अनुरोध है कि एक उच्चस्तरीय कमीशन बना कर इस मामले की जांच की जाए। व्यवस्था में जो खामियां हैं उन्हें दूर करते हुए योजना को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए जिससे भारत सरकार इस पर जो पैसा खर्च कर रही है, उसका सही इस्तेमाल हो सके।